# पाठ - 12 कंचा [ अतिरिक्त प्रश्नोत्तर ]

## I. बहुविकल्पीय प्रश्न

(*i*) 'कंचा' पाठ के लेखक इनमें से कौन हैं?

(क) टी. पद्मनाभन (ख) पी. रामास्वामी (ग) टी. कृष्णमूर्ति (घ) वी. अय्यर।

(*ii*) अप्पू के विद्यालय के रास्ते में किसके पेड़ों की घनी छाँव थी?

(क) आम के (ख) नीम के (ग) पीपल के (घ) शीशम के।

(*iii*) अप्पू का सारा ध्यान किसकी कहानी पर केंद्रित था?

(क) लोमड़ी और सारस की (ख) सियार और ऊँट की

(ग) लोमड़ी और कौए की (घ) सियार और कौए की।

(*iv*) अप्पू ने कौए के लिए कौन-सा विशेषण प्रयोग किया?

(क) मूर्ख (ख) नादान (ग) नासमझ (घ) बुद्धू।

(*v*) उसके पिताजी उसे क्या लाकर नहीं देते थे?

(क) पिपरमेंट (ख) बिस्कुट (ग) आइसक्रीम (घ) चॉकलेट।

(*vi*) अप्पू को कंचे आकार में किसके समान लग रहे थे?

(क) नीबू के (ख) आँवले के (ग) टमाटर के (घ) बेर के।

(*vii*) अप्पू बिना कंचे लिए स्कूल की ओर क्यों दौड़ गया?

(क) जॉर्ज की आवाज सुनकर (ख) स्कूल में प्रार्थना की आवाज सुनकर

(ग) दुकानदार की डाँट सुनकर (घ) स्कूल की घंटी सुनकर।